CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 09-03-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: cci Time: 03-08-2026 22:15 Color:



# कस्टम अधिकारी से 1 लाख की ठगी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अंधेरी पश्चिम इलाके में एक कस्टम अधिकारी राकेश बाबू जाधव (53) से कुरियर सर्विस के नाम पर 1 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर अंबोली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
राकेश श्री दर्शन बिल्डिंग में रहते हैं। 5 मार्च को उनके परिचित मुकेश पटेल ने कुरियर से 1 लाख रुपये भेजे थे, जिन्हें खोपोली में रहने वाले संजय गांगुली को देना था। असुविधा होने पर जाधव ने डायल सर्विस कंपनी से कुरियर का नंबर लिया। कॉल करने पर बताया गया कि राहुल नाम का व्यक्ति रकम लेने आएगा। राहुल नोट की तस्वीर दिखाकर पैसे ले गया। बाद में उसका मोबाइल बंद आने पर ठगी का पता चला।





## ‘मैं जब तक साथ हूं, मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे’

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, मैं मिनिस्टर रहूंगा। उन्होंने चौंकाने वाला बयान दिया कि जब तक मैं उनके साथ हूं, मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया जल्द ही नैशनल पार्टी बन जाएगी। बीजेपी को हमारी पार्टी की मदद मिलती है। मैं पार्लियामेंट में बैठकर घरोंसा बजाता हूं, इसलिए आज पूरी दुनिया में मेरे फैंस हैं। मेरी पॉपुलैरिटी लगातार बढ़ रही है। जिनके साथ मैं हूं, वे पावर में हैं। मैं जिस पार्टी के साथ होता हूं, उस पार्टी को 100 प्रतिशत सत्ता मिलती है।

आठवले ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को कोई नहीं बदल सकता। विपक्ष ने लोकसभा चुनाव में इस बारे में गलत नैरेटिव सेट किया था। अब विपक्ष को केंद्र में सत्ता में आने का कोई मौका नहीं मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सभी समुदायों का समर्थन प्राप्त है। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। भारतीय संविधान सबको साथ लेकर चलने वाला है और इसके बड़े उद्देश्य हैं। इसलिए भारत की स्थिति कभी भी श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल जैसी नहीं होगी।

## मनसे का पार्टी मजबूती अभियान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी समेत हालिया स्थानीय निकाय चुनाव में हार के बाद राज ठाकरे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान शुरू करने का फैसला किया है। पार्टी के 20वें स्थापना दिवस पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को राज्यभर में अभियान चलाने का निर्देश दिया। 9 मार्च 2006 को शिवसेना से अलग होकर राज ठाकरे ने मनसे की स्थापना की थी, लेकिन 20 वर्षों में अपेक्षित चुनावी सफलता नहीं मिली। राज ठाकरे रायगढ़ किला जाकर छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि देकर अभियान शुरू करेंगे। 10 मार्च से स्टॉल लगाकर लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा।









**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in